**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 30.01.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- शहीद दिवस पर द्वीपसमूह में आज दो मिनट का पूर्ण मौन–दिन में 11 बजे सायरन के साथ सभी गतिविधियां रहेगी स्थगित।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि संसद में कल प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण भारत की रिफॉर्म एक्सप्रेस को दर्शाता है।
- नेताजी स्टेडियम में कल 'बीटिंग रिट्रीट' समारोह का आयोजन किया गया।
- रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन अंडमान निकोबार की ओर से कल नेताजी स्टेडियम में ASMITA रग्बी लीग का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी आज शहीद दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर द्वीप समूह के विभिन्न भागों में विशेष आयोजन किए गए हैं। इस उपलक्ष्य में दिन में 11 बजे से 11 बजकर 02 मिनट तक पूरे द्वीप समूह में पूर्ण मौन रखा जाएगा। इस दौरान सभी कार्य और आवाजाही को रोका गया है। आपदा प्रबंधन निदेशालय द्वारा सायरन बजाया जाएगा। पहला सायरन मौन शुरू होने से पहले दिन में 10 बजकर 59 मिनट से 11 बजे तक और दूसरा सायरन 11 बजकर 02 मिनट से 11 बजकर 03 मिनट तक बजेगा। सभी शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को भी इस दिवस का पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की तेजी से बढती रिफॉर्म एक्सप्रेस वैश्विक चुनौतियों के बावजूद सही दिशा में है। श्री मोदी ने कहा कि संसद में कल प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण दर्शाता है कि भारत की रिफॉर्म एक्सप्रेस पूरे समन्वय और उद्देश्य के साथ आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण भारत की आर्थिक नींव की ताकत और विकास, नवाचार और समावेशी वृद्धि को आगे बढाने के लिए सरकार के निरंतर प्रयासों को दर्शाता है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि पिछले कुछ वर्षों से हो रहे सतत सुधारों ने अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की है तथा निवेशकों, व्यापार और नागरिकों में भरोसा कायम किया है। श्री मोदी ने कहा कि यह सर्वेक्षण मजबूत व्यापक आर्थिक आधारभूत सिद्धांतों, निरंतर विकास की गति और राष्ट्र निर्माण में नवाचार, उद्यमिता और अवसंरचना की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण समावेशी विकास के महत्व को दर्शाता है, जिसमें किसानों, लघु और मध्यम उद्यमों, युवा रोजगार और सामाजिक कल्याण पर विशेष ध्यान दिया गया है।

<><><><><><><>

उपराज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने 36 'नॉन–गियर' स्कूटरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार और पुलिस महानिदेशक हरगोबिंदर सिंह धालीवाल भी उपस्थित थे। इस पहल का उद्देश्य महिला पुलिस कर्मियों की पहुंच और आवाजाही को तेज करना, सभी पुलिस स्टेशनों में गश्त व्यवस्था को और मजबूत बनाना, महिला सुरक्षा और सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देना था। हीरो प्लेजर+ एलएक्स को वार्षिक कार्य योजना के तहत गृह मंत्रालय की मंजूरी के साथ शामिल किया गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने अपने कर्मियों को सम्मान देने के लिए 'स्पेशल ग्रेड' पदनाम की शुरुआत की है। इसके तहत लंबे समय से समर्पित सेवा दे रहे कर्मियों के लिए पदोन्नति के नए मापदंड तय किए गए हैं। पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक हरगोबिंदर सिंह धालीवाल की अध्यक्षता में कल पिपिंग सेरेमनी का आयोजन कर 5 कर्मियों को स्पेशल ग्रेड रैंक दी गई। 02 हेड कॉन्स्टेबल को सहायक उप–निरीक्षक बनाया गया। 03 कॉन्स्टेबल, जिनमें दो महिला कॉन्स्टेबल शामिल हैं को हेड कॉन्स्टेबल बनाया गया। अंडमान निकोबार पुलिस बल ने इस कल्याणकारी निर्णय के लिए उपराज्यपाल, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक का आभार व्यक्त किया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस बल ने भारतीय स्टेट बैंक के साथ हस्ताक्षरित पुलिस वेतन पैकेज में संशोधन किया है। इसके तहत बीमा कवर की राशि में बदलाव, परिवार के 04 सदस्यों तक को बैंकिंग लाभ के साथ सेविंग अकाउंट की सुविधा भी मिलेगी। पैकेज में आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में एयर एम्बुलेंस, बच्चों की शिक्षा और बेटी की शादी के लिए अतिरिक्त कवर शामिल हैं।

साथ ही विभिन्न ऋणों पर ब्याज दरों में छूट, सालाना शुल्क और प्रोसेसिंग फीस में माफी और सेवानिवृत्ति के बाद भी पुलिस कर्मियों को सुविधाएं मिलती रहेंगी। पुराने समझौते में केवल बुनियादी सुविधाएं ही उपलब्ध थीं। यह नया संशोधन विशेष रूप से पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों की सुरक्षा और भविष्य को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

<><><><><><><>

नेताजी स्टेडियम में कल 'बीटिंग रिट्रीट' समारोह का आयोजन किया गया। इसमें थल सेना, नौसेना और अंडमान–निकोबार पुलिस के बैंडों ने शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में उपराज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रथम महिला चित्रा जोशी, अंडमान निकोबार कमान के वाइस एडमिरल अजय कोचर, मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार, पुलिस महानिदेशक हरगोबिन्दर सिंह धालीवाल और प्रशासन व रक्षा के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में सेना, नौसेना और पुलिस बैंड ने देशभक्ति की धुनों पर प्रदर्शन किया। समारोह की परंपरा के अनुसार ससम्मान राष्ट्रीय ध्वज को उतारा गया। स्कूली छात्रों ने भी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। नौसैनिक जहाजों से आतिशबाजी की गई और समुद्र में खड़े जहाजों को रोशनी से सजाया गया।

<><><><><><><>

रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन अंडमान निकोबार की ओर से कल नेताजी स्टेडियम में ASMITA रग्बी लीग का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता सुबह साढ़े सात बजे से शुरू होगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक महिला खिलाड़ियों का एन एस आर एस पंजीकरण अनिवार्य है।

<><><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जनवरी सत्र के लिए बी एड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह प्रवेश एक प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 27 फरवरी है। अधिक जानकारी के लिए इग्नू क्षेत्रीय केंद्र से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत एएनएम और सीएचओ के लिए उद्योग निदेशालय में पांच दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के दायरे को बढ़ाना था। कार्यक्रम में यौन और प्रजनन स्वास्थ्य के अलावा पोषण, लिंग आधारित हिंसा की रोकथाम, गैर–संचारी रोग पर जागरूकता, मानसिक स्वास्थ्य और नशा मुक्ति जैसे विषयों को शामिल किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. एच.एम. सिद्धराजू ने स्वास्थ्य संस्थानों में नियमित 'किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लीनिक' आयोजित करने पर जोर दिया। स्वास्थ्य उप–निदेशक डॉ. शाइनी वर्गीज ने प्रतिभागियों को AFHC रैंकिंग में सुधार के लिए डेटा को मोबाइल एप्लिकेशन में दर्ज करने के लिए प्रोत्साहित किया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के विम्बर्लीगंज स्थित वन प्रशिक्षण संस्थान में उपचुनाव–2026 के लिए मतदान और मतगणना अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण होप टाउन पंचायत के तहत बम्बूफ्लाट–1 निर्वाचन क्षेत्र, ग्राम पंचायत मन्नारघाट के तहत मन्नारघाट–4 निर्वाचन क्षेत्र के मतदान और मतगणना अधिकारियों को मतपत्र के माध्यम से होने वाली प्रक्रिया के लिए मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षित किया गया। इस सत्र में कुल 13 अधिकारियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>